कार्तिक-अभिषेक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

फिल्मफेयर अवॉर्ड का आयोजन अहमदाबाद में हुआ, इस अवॉर्ड को शाहरुख, करण जौहर और मनीष पॉल ने मिलकर किया होस्ट

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया. शनिवार की रात 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड का आयोजन अहमदाबाद में हुआ. इस अवॉर्ड को शाहरुख खान, करण जौहर और मनीष पॉल ने मिलकर होस्ट किया. फिल्मफेयर अवॉर्ड इवेंट में सबसे ज्यादा जलवा 'लापता लेडीज' का रहा.

फिल्म ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए. कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया है.फिल्म चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन और आई वॉन्ट टू टॉक के लिए अभिषेक बच्चन को यह अवॉर्ड मिला.आलिया भट्ट को फिल्म %जिगरा% के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्फेयर अवार्ड दिया गया. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का क्रिटिक्स अवार्ड्स राजकुमार राव को फिल्म श्रीकांत जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का क्रिटिक्स अवार्ड प्रतिभा रांटा को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया.

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार रवि किशन को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया. इसी फिल्म के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरसकर छाया कदम को मिला.सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार लापता लेडीज को मिला. इसी फिल्म के लिये किरण राव को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया.सर्वश्रेष्ठ फिल्म सर्वश्रेष्ठ फिल्म (क्रिटिक्स) का पुरस्कार आई वांट टू टॉक के लिये शूजीत सरकार को मिला. सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता का पुरस्कार लक्ष्य को फिल्म किल के लिये दिया गया. वहीं सर्वश्रेष्ठ डेब्यू महिला अभिनेत्री का पुरस्कार नितंशी गोयल को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया.सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशक का पुरस्कार कुणाल खेमू को मडगांव एक्सप्रेस और आदित्य सुहास जांभले को आर्टिकल 370 के लिये दिया गया.

शेफाली निभाएंगी ऋषभ की मां जिजामाता का किरदार

बॉलीवुड अभिनेत्री शेफाली शाह ,संदीप सिंह की फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज' में ऋषभ शेट्टी की मां जिजामाता का किरदार निभाती नजर आयेंगी. शेफाली शाह, संदीप सिंह के निर्देशन में बनने वाली ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज' में नजर आएंगी. कहा जा रहा है कि, शेफाली शाह फिल्म में जिजामाता, यानी छत्रपति शिवाजी महाराज की मां का किरदार निभाएंगी, जबकि ऋषभ शेट्टी महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में दिखाई देंगे.

शेफाली शाह, जो अपनी गहरी और भावनात्मक अदायगी के लिए जानी जाती हैं, इस फिल्म में एक ऐसी मां का किरदार निभाने जा रही हैं, जिसने अपने पुत्र शिवाजी के मूल्यों, साहस और दृष्टि को आकार दिया. उनका यह रोल फिल्म की भावनात्मक रीढ़ माना जा रहा है. संदीप सिंह का कहना है कि यह प्रोजेक्ट एशिया के सबसे महान योद्धा राजा की गाथा को भव्यता, प्रामाणिकता और प्रभावशाली किरदारों के साथ प्रस्तुत करेगा. फिल्म में देश और विदेश के कई नेशनल और एकेडमी अवॉर्ड विजेता तकनीकी विशेषज्ञों की टीम शामिल है, जिससे यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी ऐतिहासिक फिल्मों में से एक बनने जा रही है.

सायंतनी ने जारी रखी शो जगद्धात्री की शूटिंग

जी टीवी का नया फिक्शन ड्रामा %जगद्धात्री% उन महिलाओं की कहानी दिखाता है जो हर दिन चुपचाप लगातार मुश्किलों का सामना करती हैं. यह शो एक युवा लड़की की कहानी बताता है, जिसकी अपने ही घर में अक्सर अनदेखी होती है, लेकिन वो एक निडर अंडरकवर एजेंट के रूप में अपराध से लड़ती है और अपनी पहचान वापस पाने के लिए कभी नहीं रुकती.

जहां सोनाक्षी बत्रा जगद्धात्री की मुख्य भूमिका में हैं, वहीं फरमान हैदर शिवाय के रोल में हैं और सायंतनी घोष माया के किरदार में हैं. माया एक मजबूत और प्रभावशाली मीडिया व्यवसायी है, जो कड़े अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने काम और दुनिया पर राज करती है. माया बाहर से बहुत ताकतवर दिखती है, लेकिन अंदर ही अंदर अपने निजी संघर्षों को संभालती रहती है.सायंतनी घोष के अभिनय को और खास बनाता है उनका अपने काम के प्रति पूरा समर्पण. हाल ही में टांग टूटने के बावजूद, उन्होंने शो की शूटिंग बिना रुके जारी रखी. उनका यह जज़्बा %जगद्धात्री% की कहानी की तरह ही प्रेरक है. यह दिखाता है कि असली ताकत मुश्किलों से डरने में नहीं, बल्कि उन्हें पार करने में है.

श्रीलीला ने पूरी की अपनी नई फिल्म की शूटिंग

रणवीर सिंह, बॉबी देओल और श्रीलीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है.

रणवीर सिंह, बॉबी देओल और श्रीलीला की आने वाली फिल्म काफी चर्चा में है. सेट से झलकियां और लीक हुई तस्वीरें सामने आने के बाद से ही यह प्रोजेक्ट सुर्खियों में है. ऐसे में जब इस तिकड़ी को साथ में शूटिंग करते देखा गया, उसके बाद फैन्स के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई यह जानने के लिए कि आखिर यह टीम किस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है.

सूत्रों के अनुसार,इस प्रोजेक्ट की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है. टीम ने हाल ही में आखिरी शेड्यूल खत्म किया है, जिससे इस साल के सबसे बड़े और रोमांचक प्रोजेक्ट्स में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है.

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, शूटिंग आराम से पूरी हो गई है और मेकर्स जल्द ही कुछ बड़ा करने की सोच रहे हैं. इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी खबर अगले हफ्ते आ सकती है. रणवीर और श्रीलीला की जोड़ी बहुत अच्छी लगी है, जो नई, जोश से भरी हुई और दर्शकों को जरूर पसंद आएगी. फिलहाल फिल्म से जुड़ी जानकारी गुप्त रखी गई है, लेकिन फैंस का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है, क्योंकि आने वाले दिनों में एक बड़ी घोषणा होने की उम्मीद है.

शाहरूख खान के जैसा गाना कोई नहीं गा सकता है : विशाल

बॉलीवुड के जानेमाने संगीतकार-गायक विशाल ददलानी का कहना है कि शाहरूख खान के जैसा गाना कोई नहीं गा सकता है.

भारत का सबसे प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर एक नए सीज़न के साथ वापसी कर रहा है, जो दिल को छू लेने वाले थीम - यादों की प्लेलिस्ट के तहत पुरानी यादों और मधुर संगीत की एक लहर लेकर आ रहा है. जब इस शो के जज श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी से सयादों की प्लेलिस्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले एक अभिनेता के बारे में पूछा गया, तो वह कोई और नहीं बल्कि शाहरुख खान थे.

विशाल ददलानी ने कहा, शाहरुख खान के जैसा गाना कोई नहीं गा सकता. जब हम (विशाल-शेखर) शाहरुख के साथ कोई फिल्म करते हैं, तो हमें पता होता है कि वह पर्दे पर धमाल मचा देंगे, इसलिए गाने उनकी मौजूदगी और अभिनय से मेल खाने चाहिए.

सानंद ने बताया अपनी कामयाबी का मंत्र

आज के तेज रफ्तार जमाने में, जहाँ ज्यादातर लोग अपने फोन में खोए रहते हैं और लाइक्स, फॉलाअर्स और तात्कालिक मान्यता के पीछे भागते हैं, वहीं सानंद वर्मा अपने अलग अंदाज के लिए पहचाने जाते हैं.

एण्डटीवी के शो भाबीजी घर पर हैं में अपने अनोखे किरदार डॉ. अनोखेलाल सक्सेना के लिए लोगों द्वारा बेहद पसंद किए जाने वाले सानंद वर्मा ने अपना रास्ता खुद चुना है. यह सादगी, रचनात्मकता और मानसिक शांति पर आधारित है. उनकी यात्रा याद दिलाती है कि असली सफलता डिजिटल शोर में नहीं, बल्कि सार्थक काम और व्यक्तिगत विकास में है.सानंद वर्मा ऊर्फ अनोखेलाल सक्सेना कहते हैं, %मेरा तरीका बहुत अलग है. मैं सोशल मीडिया पर स्क्रॉलिंग में समय नहीं बिताता. सच कहूँ तो, मुझे दूसरों के वीडियो देखने में दिलचस्पी नहीं है. मैं वही करता हूँ जो मुझे पसंद है गाना, अभिनय और अपने वीडियो बनाना.

मेरे लिए कला सिर्फ प्रोफेशन नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है, खुद से और दूसरों से गहराई से जुड़ने का तरीका है. मैंने हमेशा सजग और रचनात्मक रहने का चुनाव किया. जितना हो सके सकारात्मक काम करें. स्वास्थ्य, योग, ध्यान, व्यायाम, खेलों पर ध्यान दें.

यंग इंडिया

रेलवे में सेक्शन कंट्रोलर के 368 पदों पर भर्ती

रेलवे भर्ती बोर्ड ने सेक्शन कंट्रोलर के 368 पदों पर भर्ती चल रही है और जल्द ही इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी. अगर आपने अभी तक आवेदन नहीं किया है, तो इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सकते हैं. आवेदन की अंतिम तिथि 14 अक्तूबर, 2025 है. उम्मीदवार 16 अक्टूबर 2025 तक आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं.

उम्मीदवार 16 अक्तूबर 2025 तक आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं. आवेदन करने के लिए आधिकारिक लिंक rrbapply.gov.in पर उपलब्ध है.

शैक्षणिक योग्यता- रेलवे सेक्शन कंट्रोलर भर्ती 2025 में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है.

अभ्यर्थियों की आयु 1 जनवरी 2026 को न्यूनतम 20 वर्ष और अधिकतम 33 वर्ष होनी चाहिए. आरक्षित वर्गों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार आयु सीमा में छूट प्राप्त होगी.

चयन प्रक्रिया- चयन प्रक्रिया में CBAT के माध्यम से रिक्तियों के 8 गुना उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा. शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.

आवेदन शुल्क- इस भर्ती में आवेदन शुल्क उम्मीदवारों के वर्ग के अनुसार अलग-अलग रखा गया है. महिला, ट्रांसजेंडर, एक्स-सरविसमैन, SC/ST, माइनॉरिटी कम्युनिटी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और PwBD उम्मीदवारों को 250 रुपये शुल्क देना होगा. वहीं अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये निर्धारित है.

इस भर्ती से जुड़ी अन्य सभी जानकारी और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं.

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स में निकली 595 पदों पर भर्ती

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने भर्ती की अधिसूचना आधिकारिक रूप से जारी की है. इस अधिसूचना के तहत माइनिंग सिरदार और जूनियर ओवरमैन के कुल 595 रिक्त पदों को भरा जाएगा. इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 30 अक्तूबर 2025 तक आधिकारिक आंतरिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

इस भर्ती में कुल 595 पद जारी किए गए हैं, जिनमें खनन सरदार के 283 पद और जूनियर ओवरमैन के 312 पद शामिल हैं.

कौन कर सकता है आवेदन?- खनन सिरदार पद के लिए उम्मीदवार के पास वैध खनन सरदारी, प्राथमिक चिकित्सा तथा गैस परीक्षण प्रमाण पत्र के साथ भूमिगत खदानों में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए. वहीं, जूनियर ओवरमैन के लिए उम्मीदवारों को खनन इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा होना चाहिए और साथ ही कोयला खदानों में एक वर्ष का पोस्ट-डिप्लोमा व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा किया होना चाहिए.

वहीं जूनियर ओवरमैन पद के लिए उम्मीदवार के पास खनन इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा होना चाहिए, साथ ही वैध गैस परीक्षण और प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र भी अनिवार्य हैं. इसके अतिरिक्त उम्मीदवार को कोयला खदानों में एक वर्ष का पोस्ट-डिप्लोमा व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा किया होना चाहिए.

100 अंकों का होगा पेपर- इस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी और ओएमआर आधारित होगी, जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे. इस परीक्षा में कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा. परीक्षा के प्रश्न तीन भागों में विभाजित हैं. मानसिक योग्यता/मात्रात्मक योग्यता के लिए 20 अंक, सामान्य जागरूकता और ष्टढ्ढरुस्श्वष्टरु ज्ञान के लिए 20 अंक, और विषय ज्ञान के लिए 60 अंक होंगे.

महिला एवं बाल विकास विभाग में 55 पदों पर भर्ती

छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा मौका है.छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरिटेंडेंट के 55 पदों पर भर्ती निकाली है. आवेदन की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू होगी. इच्छुक व योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट psc.cg.gov.in पर जाकर 8 नवंबर 2025 तक अप्लाई कर सकते है

आयु सीमा- आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए. राज्य की महिला उम्मीदवारों और आरक्षित वर्गों के लिए शासन के नियमानुसार आयु में छूट का प्रावधान है.

योग्यता- समाज कार्य, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान या विधि विषय में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री होना अनिवार्य है.

कब होगी परीक्षा- परीक्षा की संभावित तिथि 18 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है. परीक्षा केंद्र मुख्य रूप से रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और जगदलपुर में बनेंगे.

आवेदन शुल्क- शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से करना होगा. सशुल्क त्रुटि सुधार का मौका 12 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 14 नवंबर रात 11:59 बजे तक दिया जाएगा. सुधार के लिए रु. 500 का शुल्क तय किया गया है.सुधार केवल एक बार ही किया जा सकेगा. अभ्यर्थी केवल लिंग, जन्मतिथि, श्रेणी, मूल निवासी और निःशक्तजन/भूतपूर्व सैनिक संबंधी प्रविष्टियों में ही सुधार कर पाएंगे.

चयन प्रक्रिया- पहले चरण में 300 अंकों की लिखित परीक्षा होगी जिसमें छत्तीसगढ़ से जुड़ा सामान्य ज्ञान, बाल विकास, पोषण, बाल संरक्षण और संबंधित क़ानूनों से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे. इसके बाद दूसरा चरण होगा जिसमें 30 अंकों का साक्षात्कार (इंटरव्यू) होगा.



मुंबई पोर्ट अथॉरिटी में निकली भर्ती

भारत के अधिकांश युवाओं का सपना सरकारी नौकरी करना का होता है. अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं, तो ये जानकारी आपके लिए हैं. मुंबई पोर्ट अथॉरिटी ने मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के लिए अपरेंटिस के विभिन्न 116 पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है. ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार जारी पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे लास्ट डेट 10 नवंबर, 2025 से पहले आवेदन कर सकते हैं.

कौन कर सकता है आवेदन? मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण में स्नातक प्रशिक्षु के पद के लिए 11 रिक्तियां उपलब्ध हैं. इस पद के लिए किसी भी विषय में स्नातक होना आवश्यक है. प्रशिक्षण अवधि 12 महीने की है. आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन (डाक के माध्यम से) है और पंजीकरण एनएटीएस 2.0 पोर्टल पर करना होगा. आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर 2025 है. चयन प्रक्रिया शैक्षणिक अंकों के आधार पर मेरिट सूची के माध्यम से होगी. साथ ही, कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक ट्रेड अपरेंटिस के लिए 105 रिक्तियां उपलब्ध हैं. इसके लिए योग्यता 10वीं उत्तीर्ण और COPA ITI प्रमाणपत्र होना आवश्यक है. प्रशिक्षण अवधि 12 महीने है. आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन (डाक द्वारा) होगी और पंजीकरण एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल पर करना होगा. आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर 2025 है. चयन योग्यता और आईटीआई अंकों के आधार पर मेरिट सूची के अनुसार किया जाएगा.

आयु सीमा- दोनो पदों के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष है. मुंबई पोर्ट अथॉरिटी के नियमों के अनुसार आरक्षण लाभ और आयु में छूट लागू होगी.